नया 'Access from AT&T' प्लान + नया संघीय लाभ = मुफ़्त इंटरनेट
100 Mbps तक की स्पीड और बिना किसी डेटा सीमा के नए कम-लागत ब्रॉडबैंड प्लान्स

डलास – 7 फरवरी, 2022

AT&T* पात्र परिवारों के लिए घरेलू इंटरनेट की लागत को सर्वोत्तम संभव मासिक दर - $0 तक कम कर रहा है। आज से शुरू करके, इस मुफ़्त विकल्प को हमारे कम लागत Access from AT&T कार्यक्रम को सस्ती कनेक्टिविटी कार्यक्रम (ACP) के संघीय लाभों के साथ संयोजित कर अमलीजामा पहनाया गया है।

मुफ़्त इंटरनेट विश्वास करने लायक बात नहीं लगती है। AT&T इसे कैसे संभव बना रहा है?

Access from AT&T कार्यक्रम अब $30 प्रति माह की लागत पर 100 Mbps तक की सिमेट्रिकल स्पीड वाले ज़्यादा तेज इंटरनेट प्लान की पेशकश कर रहा है, जो हमारे मूल Access from AT&T प्लान में दिए गए अधिकतम 10 Mbps की स्पीड से कहीं ज़्यादा है। इसके अलावा नए $30 Access from AT&T प्लान में डेटा के उपभोग पर कोई सीमा नहीं है।[1]

वे ग्राहक जो हमारे मूल Access from AT&T प्लान को पसंद करते हैं और उनकी स्पीड 10Mbps या उससे कम है, उन्हें चिंता करने की कोई ज़रूरत नहीं है। आप अभी भी हमारे $5 - $10 प्रति माह वाले प्लान्स से भरोसेमंद इंटरनेट का लाभ उठा सकाते हैं।[1]

ACP के लिए पात्र सभी परिवार नवीनतम स्पीड टीयर सहित हमारे Access from AT&T कार्यक्रम के लिए भी पात्र हैं। पात्र परिवार जो $30 प्रति माह ACP लाभ (या योग्य जनजातीय भूमि पर $75 प्रति माह तक) का लाभ उठाते हैं, तब वे बिना किसी मासिक शुल्क के इंटरनेट सेवा प्राप्त कर सकते हैं।

मुझे मुफ़्त इंटरनेट का लाभ कैसे मिलेगा?

पहले, पुष्टि करें कि आप ACP लाभ के लिए पात्र हैं और acpbenefit.org पर संघीय सरकार के राष्ट्रीय पुष्टिकर्ता से अनुमोदन प्राप्त करें। फिर, हमें (855) 2205211 पर कॉल करें। हम आपके ACP अनुमोदन की पुष्टि करेंगे और आपके लिए ACP लाभ के साथ एक प्लान सेट-अप करेंगे।

आप अपने ACP लाभ को लागू करने के लिए हमारे Access from AT&T प्लान को चुन सकते हैं या आप हमारे मौजूदा AT&T इंटरनेट प्लान्स में से अधिकतर पर इसे लागू कर सकते हैं। देखें कि कौन-से AT&T इंटरनेट प्लान्स आपके इलाके में मौजूद हैं।

© 2022 AT&T Intellectual Property. All rights reserved. AT&T and the Globe logo are registered trademarks of AT&T Intellectual Property.

अगर मैं मेरे ACP लाभ को Access from AT&T की जगह दूसरे प्लान्स पर उपयोग करना चाहूँ, तो क्या होगा?

बस पूछें! आप हमारे मौजूदा AT&T इंटरनेट प्लान्स में से अधिकतर पर ACP लाभ को लागू कर सकते हैं। इसका मतलब है कि पात्र ग्राहक हमारे द्वारा पेशकश किए गए अधिकतर प्लान्स पर हर महीने $30 तक (पात्र जनजातीय भूमि पर हर महीने $75 तक) बचा सकते हैं। इसमें 70 मेट्रो स्थानों से ज़्यादा पर 5-Gigs तक की स्पीड के साथ AT&T फ़ाइबर के हमारे सबसे तेज प्लान्स शामिल हैं। [2]

ग्राहक अपने ACP लाभ को अपने AT&T प्रीपेड या क्रिकेट वायरलेस प्लान पर लागू करना भी चुन सकते हैं। यह लाभ प्रति परिवार एक तक सीमित है।

मुझे अभी आपातकालीन ब्रॉडबैंड लाभ (EBB) प्राप्त हो रहा है। मुझे क्या करना होगा?

अभी कुछ भी नहीं। आपके मौजूदा लाभ 1ली मार्च तक समान रहेंगे। 1ली मार्च से शुरू कर ACP लाभ पाने के लिए आपकी पात्रता की फिर से पुष्टि करने के लिए Universal Services Administrative Co. (USAC) आपसे संपर्क कर सकती है। यदि आप आय पात्रता की EBB COVID अस्थायी क्षति के तहत पात्र हैं, तो राष्ट्रीय पुष्टिकर्ता को 1 मार्च से पहले अलग पात्रता के तहत आपकी पात्रता की फिर से पुष्टि करनी होगी।

याद रखने के लिए मुख्य बात यह है कि 1 मार्च को मासिक सब्सिडी EBB कार्यक्रम के अधिकतम $50 से घट कर ACP के तहत $30 तक हो जाएगी (जनजातीय लाभ में कोई बदलाव नहीं होगा)।

लोग क्या कह रहे हैं

अटलांटा की Ebony Ford (एबोनी फोर्ड) कहती हैं कि Access from AT&T ने उन्हें उस समय महत्वपूर्ण समर्थन दिया, जब उन्हें इसकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत थी: "मेरे पास कोई कार नहीं थी, न कोई काम, न इंटरनेट। मुझे Access from AT&T कार्यक्रम के बारे में पता चला। मेरे लिए लाभ के लिए आवेदन करने, चाइल्डकेयर कार्यक्रमों की तलाश करने, नौकरियों की तलाश करने, प्रशिक्षण में भाग लेने में सक्षम होने के लिए यह एक वरदान जैसा ही था। इसने वास्तव में मुझे अपने पैरों पर वापस खड़े होने में एक बैशाखी की तरह काम किया। इन सबकी शुरुआत Access from AT&T से हुई।" एबोनी की टेस्टिमोनियल को और देखने के लिए इस वीडियो को देखें।

Cheryl Choy (शेरिल शॉय), SVP- ब्रॉडबैंड प्रबंधन एवं रणनीति: “कम आय वाले परिवारों के लिए घरेलू इंटरनेट को किफायती बनाना डिजिटल विभाजन को पाटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नया Access from AT&T प्लान बेहतर स्पीड, डेटा पर कोई सीमा नहीं प्रदान करता है और संघीय ACP लाभ के संगत कार्य करता है। मुफ़्त इंटरनेट सेवा गृहकार्य करने, नौकरी के लिए आवेदन करने में सक्षम होने या चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने में फर्क पैदा कर सकती है।"

AT&T डिजिटल विभाजन को पाटने में मदद करने के लिए और क्या कर रहा है?

© 2022 AT&T Intellectual Property. All rights reserved. AT&T and the Globe logo are registered trademarks of AT&T Intellectual Property.

AT&T का ACP की सहभागिता में और AT&T कनेक्टेड शिक्षण कार्यक्रम के धर्मार्थ योगदानों के माध्यम से हमारी कम-लागत ब्रॉडबैंड पेशकशों के माध्यम से डिजिटल विभाजन का समाधान करने के लिए 3-वर्षीय, $2 बिलियन की प्रतिबद्धता है

डिजिटल विभाजन को समाप्त करने के लिए हम क्या कर रहे हैं, इसके बारे में आप यहाँ पर और अधिक पढ़ सकते हैं।

***AT&T Communications के बारे में**

हम परिवार, दोस्तों और पड़ोसियों को हर दिन सार्थक तरीके से जोड़ने में मदद करते हैं। 140+ साल पहले पहली फोन कॉल से लेकर मोबाइल वीडियो स्ट्रीमिंग तक, हम @ATT जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ नया करते हैं। AT&T Communications AT&T Inc. का हिस्सा है (NYSE:T)। ज़्यादा जानकारी के लिए, कृपया att.com पर जाएँ।

<u>अस्वीकरण</u>

1 एक्सेस प्लान्स 10Mbps और उससे कम में डेटा भत्ता है। जो ग्राहक इन भत्तों से ज़्यादा का उपभोग कर लेते हैं, उन्हें $10 का एक शुल्क देना पड़ सकता है। 30 अप्रैल, 2022 से AT&T उन एक्सेस AT&T ग्राहकों के लिए डेटा कवरेज़ शुल्क हो छोड़ रहा है।

2 चुनिंदा क्षेत्रों में सीमित उपलब्धता। इंटरनेट की स्पीड के दावे घर और सुझाए गए सेट-अप के लिए अधिकतम वायर्ड नेटवर्क क्षमता स्पीड को प्रदर्शित करते हैं। ग्राहकों के लिए वास्तविक स्पीड की गारंटी नहीं दी जाती है। एकल डिवाइस की वायर्ड स्पीड अधिकतम 4.7Gbps है। विवरण के लिए Visit att.com/speed101 पर जाएँ

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

Jessica Swain
AT&T Corporate Communications
फोन: (415) 613-4267
ईमेल: js056a@att.com

© 2022 AT&T Intellectual Property. All rights reserved. AT&T and the Globe logo are registered trademarks of AT&T Intellectual Property.

© 2022 AT&T Intellectual Property. All rights reserved. AT&T and the Globe logo are registered trademarks of AT&T Intellectual Property.